हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
28 नवंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्रोहा की प्राचीन विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज़ पर सरंक्षित किया जायेगा।
- कुरुक्षेत्र में आज ब्रह्म सरोवर के पुरुषोत्तम पुरा बाग से गीता रन के आयोजन के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हुआ।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गीता महोत्सव के पहले दिन सरस एवं शिल्प मेले का उद्घाटन किया।
- हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने  रेवाड़ी जिले में गत दिनों हुई लूटपाट की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए लापरवाही बरतने वाले चार थाना प्रभारियों को निलंबित किया।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए कहा कि यह कॉलेज महाराजा अग्रसेन जी के मानव सेवा के अभियान को निरंतर जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई फिट इंडिया मुहिम का जिक्र करते हुए कहा-

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ये दो नई सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने संस्थान को अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।श्री नायब सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल की खुदाई की मंजूरी दी है। अग्रोहा की प्राचीन विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं और सिद्धांतों को याद रखते हुए हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा गया है। जल्द ही हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि 10 करोड़ रुपये की लागत से 4 एकड़ में बने खेल परिसर में तीन बहु उद्देशीय हॉल, तरणताल, एक जिम, योग कक्ष व रेस्तरां बनाए गए हैं। वहीं 5 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से तीन एकड़ में बने छात्रावास में 54 कमरे बनाये गये हैं।

***************************************************************************

कुरुक्षेत्र में आज सुबह ब्रहम सरोवर के पुरुषोत्तम पुरा बाग से गीता रन के आयोजन के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हो गया। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस गीता रन को सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें सैकड़ों युवक युवतियों ने भाग लिया।

मंत्री ने पुरुष और महिला वर्ग में पहले 10 स्थानों पर आने वाले खिलाडि़यों को पुरस्कृत भी किया । दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 31 हजार रुपए, द्वितीय को 21 हजार रुपए, तृतीय को 11 हजार रुपए और अगले 7 स्थानों पर रहने वाले खिलाडि़यों को 2100-2100 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

श्री बेदी ने गीता महोत्सव पर बोलते हुए कहा -

उन्होंने कहा, भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरा पर पहुंचकर महाभारत युद्ध से पहले अर्जुन के माध्यम से पवित्र गीता का उपदेश दिया। जो मानव जाति के लिए आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है।

***************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहले दिन सरस व शिल्प मेले और मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान राज्यपाल ने शिल्प मेले का अवलोकन भी किया। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेश वासियों को अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र वह पावन भूमि है जहां पर श्री कृष्ण ने विषय योग में पड़े अर्जुन को कर्म का संदेश दिया उनके अंदर आत्मविश्वास जगाया। राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान की सराहना की।

*************************************************************************

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण प्रभावित मजदूरों को सरकार द्वारा साप्ताहिक निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन मजदूरों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। श्री विज ने कहा कि यह भत्ता सीधे मजदूरों के बैंक खातों में डाला जाएगा ताकि उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा किया जा सके। श्रम मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दे दिये गए हैं कि वे इस योजना को जल्द से जल्द लागू करें। सरकार की इस पहल से हजारों निर्माण मजदूरों को राहत मिलेगी।

**********************************************************************

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के पहले स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत से करीब 400 करोड़ की लागत से बने विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष के अंदर विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य पूरा होगा।

**********************************************************************

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने जिला रेवाड़ी में पिछले दिनों हुई लूटपाट की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए लापरवाही बरतने वाले 4 थाना प्रभारियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं।उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला पुलिस अधीक्षकों की बैठक भी ली। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अपराधी वारदात को अंजाम देने से पहले जिस रास्ते का इस्तेमाल आने के लिए तथा वारदात के बाद जाने के लिए करेगाए उस रूट में पड़ने वाले थाना प्रभारी तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

*********************************************************************

गोवा में चल रहा 55 वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म आज एक भव्य समारोह के साथ संपन्न

हो जाएगा। इस समापन समारोह में भारतीय सिनेमा की कुछ प्रसिद्ध हस्तियां शामिल हो रही है। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गोल्डन पिकॉक अवार्ड सहित कई पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में भारत की तीन फिल्मों सहित 15 फिल्में शामिल हैं। नौ दिन के इस फिल्मोत्सव में कई सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस महोत्सव में विभिन्न भाषाओं और शैलियों की करीब 180 फिल्में दिखाई गईं।

************************************************************************

केंद्र सरकार ने लोकसभा में कहा कि रेलवे की रेलगाड़ियों में अनारक्षित डिब्बों को समाप्त करने की कोई योजना नहीं है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि चालू वित्त वर्ष में एलएचबी कोच के साथ संचालित मेल-एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में 600 से अधिक अनारक्षित डिब्बे जोडे गये हैं। ब□ती मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे की गैर-वातानुकूलित सामान्य श्रेणी और शयनयान सहित दस हजार डिब्बे बनाने की योजना है।

************************************************************************

वंचितों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत समर्पित रहे महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर आज भिवानी में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।इसी कड़ी में युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट के सहयोग से भिवानी के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया ।